भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड, मुंबई

विज्ञापन सं. 2ए / 2010-11

(यह विज्ञापन और आवेदन का प्रारूप भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट, www.rbi.org.in से प्राप्त किया जा सकता है)

भारतीय रिज़र्व बैंक (भारिबैं/बैंक) में निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों, नेपाल के नागरिकों और भूटान की प्रजा, तिब्बती शरणार्थी (1 जनवरी 1962 से पहले भारत में आए हुए) और भारतीय मूल के व्यक्ति जो म्यांमार और श्रीलंका से भारत में स्थायी रूप से बसने के इरादे से आए हैं और जिनके पक्ष में भारत सरकार द्वारा जारी किया गया पात्रता प्रमाणपत्र हो, से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

पद	रिक्तियों की संख्या				
	अनारक्षित अर्थात सामान्य (सामा)	अनुसूचित जाति (अजा)	अनुसूचित जनजाति (अजजा)	अन्य पिछड़ा वर्ग (अपिव)	कुल
अधिकारी ग्रेड 'बी'(सामान्य) -(सीधी भर्ती-डीआर)	40	15	05	20	80*

*उपर्युक्त 80 रिक्तियों में से 6 रिक्तियां विकलांग श्रेणी के अंतर्गत बधिरों के लिए आरक्षित हैं परंतु अस्थिरूप से विकलांग (अ.वि.) तथा दृष्टिहीन विकलांग (दृ.वि.) उम्मीदवारों के लिए कोई रिक्ति आरक्षित नहीं है। तथापि अस्थिरूप से विकलांग तथा दृष्टिहीन विकलांग उम्मीदवार भी पद के लिए आवेदन कर सकते हैं परंतु वे आयु और आवेदन शुल्क को छोड़कर किसी भी रियायत/छूट के लिए पात्र नहीं होंगे। विकलांग उम्मीदवार किसी भी वर्ग (सामा/अजा/अजजा/अपिव) के हो सकते हैं।

टिप्पणी: (i) बधिर वे हैं जिनमें जीवन के साधारण उद्देश्यों के लिए श्रवण इन्द्रिय क्रियाशील न हो तथा जो ऊंची जबान में भी ध्वनि को बिलकुल सुन और समझ न सकें। इस वर्ग में वे मामले शामिल होंगे जिन्हें बेहतर कान में 60 डेसिबल से अधिक (गंभीर दुर्बलता) बधिरता हो अथवा जिन्हें दोनों कानों से बिलकुल सुनाई न देता हो। अक्षमता की डिग्री 40 प्रतिशत से कम नहीं होनी चाहिए।

(ii) विकलांग उम्मीदवारों के पास भारत सरकार/राज्य सरकार के प्राधिकृत विभाग/अस्पताल द्वारा जारी इस आशय का एक नवीनतम प्रमाण पत्र होना चाहिए।

2. (क) आयु (दिनांक 01-10-2010 को): 21 और 30 वर्ष के बीच (उम्मीदवार का जन्म 02/10/1980 से पहले और 01/10/1989 के बाद का नहीं होना चाहिए)। जो उम्मीदवार एम.फिल और पीएच.डी. की अर्हता रखते हैं, उनके लिए ऊपरी आयु सीमा क्रमश: 31 और 33 वर्ष होगी। सरकारी क्षेत्र के किसी वाणिज्यिक बैंक/वित्तीय संस्थान में अधिकारी के पद का अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को ऊपरी आयु सीमा में अनुभव के वर्षों जितनी छूट दी जाएगी परंतु यह छूट अधिकतम तीन वर्ष की होगी। ऐसे उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा अनुभव सहित 33 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। अनुभव के लिए **परिवीक्षा अवधि को नहीं गिना जाएगा।** विनिर्दिष्ट वर्गों के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट के लिए कृपया निम्नलिखित मद सं. 4 देखें।

(ख) शैक्षिक अर्हताएं: (दिनांक 01-10-2010 को): i) न्यूनतम 60% अंक या समकक्ष ग्रेड के साथ प्रथम श्रेणी की स्नातक डिग्री **या ii)** न्यूनतम 55% अंक या उसके समकक्ष ग्रेड के साथ द्वितीय श्रेणी की स्नातकोत्तर डिग्री **या iii)** 50% अंक या उसके समकक्ष ग्रेड की स्नातकोत्तर की डिग्री के साथ डॉक्टरेट डिग्री **या iv)** स्नातक डिग्री के साथ सनदी/कॉस्ट लेखाकार/कंपनी सेक्रेटरी (एसीएस) **या v)** स्नातक डिग्री के साथ भारत सरकार/विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से मान्यता प्राप्त संस्थान से प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा/एमबीए अर्हता।

टिप्पणी: न्यूनतम 50% अंक या उसके समकक्ष ग्रेड के साथ द्वितीय श्रेणी में स्नातक **अथवा** स्नातकोत्तर डिग्री या उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त अर्हता वाले अजा/अजजा/बधिर उम्मीदवार आवेदन करने के लिए पात्र हैं।

(ग) चयन योजना:

चयन लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के माध्यम से होगा। लिखित परीक्षा निम्नानुसार दो चरणों में होगी:

(I) चरण I (वस्तुनिष्ठ स्वरूप की परीक्षा): 200 अंकों की 3 घंटे की अवधि की यह परीक्षा **रविवार, 6 फरवरी 2011** को आयोजित की जाएगी। इस प्रश्न-पत्र में (i) सामान्य ज्ञान (ii) अंग्रेजी भाषा (iii) परिमाणात्मक अभिरूचि और (iv) तार्किक परीक्षा सम्मिलित है। उम्मीदवारों को प्रत्येक परीक्षा में बोर्ड द्वारा यथा निर्धारित न्यूनतम अंक अलग-अलग प्राप्त करने होंगे। जो उम्मीदवार प्रत्येक परीक्षा के लिए निर्धारित न्यूनतम अंक अलग-अलग प्राप्त करेंगे, उन्हें वस्तुनिष्ठ परीक्षा में कुल प्राप्तांक के आधार पर चरण II की लिखित परीक्षा के लिए चुना जाएगा। बोर्ड चरण II की लिखित परीक्षा के लिए चुनिंदा उम्मीदवारों की सूची तैयार करने के लिए अंकों की न्यूनतम सीमा का निर्धारण रिक्तियों की संख्या के आधार पर करेगा। चरण I की लिखित परीक्षा में सफल उम्मीदवारों के रोल नंबर मार्च/अप्रैल 2011 के आसपास इम्प्लॉइमेंट न्यूज/रोजगार समाचार में तथा भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट पर प्रकाशित किए जाने की संभावना है। इसकी संक्षिप्त सूचना प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित की जा सकती है।

(II) चरण II (वर्णनात्मक परीक्षा): केवल चरण I परीक्षा (वस्तुनिष्ठ स्वरूप की परीक्षा) में सफल हुए उम्मीदवारों के लिए चरण II परीक्षा मई/जून 2011 (अंतरिम रूप से) में आयोजित की जाएगी। तारीख और समय-सारणी की सूचना संबंधित उम्मीदवारों को उचित समय पर भेज दी जाएगी। इस परीक्षा में वर्णनात्मक स्वरूप के तीन प्रश्न पत्र होंगे-

(i) प्रश्न-पत्र I - अंग्रेजी (ii) प्रश्न-पत्र II - आर्थिक और सामाजिक मुद्दे तथा (iii) **प्रश्न-पत्र III - वित्त और प्रबंधन।** प्रत्येक प्रश्न-पत्र 3 घंटे की अवधि और 100 अंक का होगा।

टिप्पणी: चरण I का प्रश्न-पत्र (अंग्रेजी परीक्षा को छोड़कर) और दूसरे चरण का प्रश्न-पत्र II और प्रश्न-पत्र III हिंदी और अंग्रेजी में द्विभाषी रूप में तैयार किया जाएगा। चरण I में वस्तुनिष्ठ स्वरूप की परीक्षा होगी और इसमें सही विकल्प पर केवल चिह्न लगाना अपेक्षित है। तथापि, उम्मीदवार अपनी इच्छा के अनुसार दूसरे चरण के प्रश्न-पत्र II और प्रश्न-पत्र III के उत्तर **पूर्णत:** हिंदी या अंग्रेजी में लिख सकते हैं।

(III) पाठ्यक्रम (चरण II):

(i) प्रश्न-पत्र I - अंग्रेजी : निबंध, संक्षेपण, बोधगम्यता (काम्प्रिहेंशन), व्यावसायिक/ कार्यालयीन पत्राचार।

(ii) प्रश्न-पत्र II - आर्थिक और सामाजिक मुद्दे : वृद्धि और विकास - वृद्धि का पैमाना: राष्ट्रीय आय और प्रति व्यक्ति आय - भारत में गरीबी उन्मूलन और रोजगार निर्माण - निरंतर विकास और पर्यावरण मुद्दे। भारत में आर्थिक - सुधार - औद्योगिक और श्रमिक नीति - मौद्रिक और राजकोषीय नीति- निजीकरण - आर्थिक आयोजना की भूमिका। भूमंडलीकरण-भारतीय अर्थव्यवस्था का खुलापन - भुगतान संतुलन, निर्यात-आयात नीति - अंतरराष्ट्रीय आर्थिक संस्थाएं - अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष और विश्व बैंक - विश्वव्यापार संगठन - क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग। भारत में सामाजिक संरचना - बहुसंस्कृतिवाद - जनसंख्यात्मक प्रवृत्तियां - शहरीकरण और पलायन - लैंगिक समस्याएं - सामाजिक न्याय: अल्पसुविधा प्राप्त लोगों के पक्ष में सकारात्मक भेदभाव - सामाजिक आंदोलन - भारतीय राजनैतिक प्रणाली - मानव विकास - भारत में सामाजिक क्षेत्र, स्वास्थ्य और शिक्षा।

(iii) प्रश्न-पत्र III - वित्त और प्रबंधन:

वित्त: संघीय बज़ट - प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर; राजस्व के करेतर स्रोत; परिव्यय; नवीन मापदंड; वित्तीय क्षेत्र के सुधार; पूंजी बाजार, मुद्रा बाजार और विदेशी मुद्रा बाजार; शेयर बाजार और उनका विनियमन; पूंजी बाजार के मध्यस्थ और उनका विनियमन; सेबी की भूमिका; मुद्रा बाजार के कार्य; मुद्रा बाजार का विकास और परिचालन; विदेशी मुद्रा बाजार; फेरा से फेमा तक; विनिमय दर प्रबंधन; विनिमय जोखिम प्रबंधन; आर्थिक विकास में बैंक और वित्तीय संस्थाओं की भूमिका; बैंक और वित्तीय संस्थाओं का विनियमन; सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों में विनिवेश।

प्रबंधन : प्रबंधन: इसकी प्रकृति और कार्यक्षेत्र; प्रबंधकीय प्रक्रिया; आयोजना, संगठन, स्टाफ नियोजन, निदेशन एवं नियत्रंण; किसी संगठन में प्रबंधक की भूमिका। नेतृत्व: नेता के कार्य; नेतृत्वशैली : नेतृत्व के सिद्धांत; सफल नेता बनाम प्रभावी नेता। मानव संसाधन विकास: मानव संसाधन विकास (एचआरडी) की अवधारणा; एचआरडी के लक्ष्य; कार्य निष्पादन मूल्यांकन - संभाव्यता मूल्यांकन और विकास - फीड बैक और कार्य निष्पादन परामर्श - कैरियर आयोजना - प्रशिक्षण और विकास - पुरस्कार - कर्मचारी कल्याण। अभिप्रेरणा, मनोबल और प्रोत्साहन: अभिप्रेरणा के सिद्धांत; प्रबंधक कैसे अभिप्रेरित करता है; मनोबल की अवधारणा; मनोबल को निर्धारित करने वाले तत्व; मनोबल बढ़ाने में प्रोत्साहनों की भूमिका। संप्रेषण: संप्रेषण प्रक्रियाक्रम; संप्रेषण माध्यम; मौखिक बनाम लिखित संप्रेषण; वाचिक बनाम अवाचिक संप्रेषण; उर्ध्वगामी, अधोगामी और पार्श्विक संप्रेषण; संप्रेषण की बधाएं; सूचना तकनीक की भूमिका। कारपोरेट गवरनेंस: कारपोरेट गवरनेंस को प्रभावित करने वाले तत्व; कारपोरेट गवरनेंस के तंत्र।

टिप्पणी : उपर्युक्त पाठ्यक्रम व्यापक न होकर केवल सांकेतिक हैं। यह ध्यान में रखते हुए कि विभिन्न संकाय के उम्मीदवार उक्त पद हेतु आवेदन करते हैं, प्रश्न-पत्र II और प्रश्न-पत्र III के प्रश्न मूलभूत स्वरूप के होंगे। केवल द्वितीय चरण के प्रश्न-पत्र I, II, और III, में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर ही साक्षात्कार के लिए बुलाए जानेवाले उम्मीदवारों की सूची तैयार की जाएगी। बोर्ड साक्षात्कार के लिए चुनिंदा उम्मीदवारों की सूची तैयार करने के लिए अंकों की न्यूनतम सीमा का निर्धारण रिक्तियों की संख्या के आधार पर करेगा। उम्मीदवार अपनी इच्छा के अनुसार हिंदी या अंग्रेजी में साक्षात्कार दे सकते हैं। अंतिम चयन द्वितीय चरण की 'लिखित परीक्षा' और साक्षात्कार में उम्मीदवार के निष्पादन के आधार पर किया जाएगा।

(घ) प्रयासों की संख्या: सामान्य श्रेणी के जो उम्मीदवार इस पद के लिए लिखित परीक्षा में पहले चार बार बैठ चुके हैं वे आवेदन करने के लिए पात्र नहीं हैं। अजा/अजजा/अपिव/विकलांग वर्ग के उम्मीदवारों के लिए ऐसा कोई प्रतिबंध नहीं है, यदि पद उनके लिए आरक्षित हैं।

(ङ) अजा/अजजा/विकलांग उम्मीदवारों के लिए परीक्षा-पूर्व प्रशिक्षण: बैंक अजा/अजजा/विकलांग उम्मीदवारों के लिए प्रथम और द्वितीय चरण की परीक्षा के लिए नि:शुल्क परीक्षा-पूर्व प्रशिक्षण की व्यवस्था उन केंद्रों पर करता है जहां उसके कार्यालय हैं। प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक उम्मीदवार दिए गए फार्मेट में नीचे दिए गए केंद्रों (**) में से किसी एक केन्द्र, जो उनके लिए सुविधाजनक हो, के भारतीय रिज़र्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक/महाप्रबंधक को **अलग से** दिनांक 15 नवंबर, 2010 से पहले आवेदन कर सकते हैं। **उम्मीदवारों को प्रशिक्षण के लिए अपने आवेदन भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड कार्यालय (बोर्ड) को नहीं भेजने चाहिए क्योंकि बोर्ड ऐसे आवेदनों पर विचार नहीं करेगा।**

प्रशिक्षण के लिए आवेदन फार्म

क्षेत्रीय निदेशक/महाप्रबंधक — स्थान:

भारतीय रिज़र्व बैंक — दिनांक:

** ----------

महोदय,

परीक्षा-पूर्व प्रशिक्षण - अधिकारी ग्रेड 'बी' (सामान्य)-(डीआर)

मैंने अधिकारी ग्रेड 'बी' (सामान्य)-(डीआर) के पद के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड को आवेदन किया है। कृपया अंग्रेजी/हिन्दी # माध्यम से दिए जानेवाले प्रशिक्षण के लिए मेरा नाम पंजीकृत करें। मेरी जाति/शारीरिक विकलांगता के प्रमाणपत्र की अनुप्रमाणित प्रति संलग्न है। मैं नोट करता/करती हूं कि प्रशिक्षण के लिए ठहरने और अपने सभी व्यय की व्यवस्था स्वयं करूंगा/करूंगी। मैं यह भी नोट करता/करती हूं कि प्रशिक्षण से मुझे परीक्षा में बैठने या बैंक की सेवा में भर्ती का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा।

भवदीय/भवदीया

(हस्ताक्षर)

नाम और पता

अनुलग्नक: जाति/शारीरिक विकलांगता प्रमाणपत्र की अनुप्रमाणित प्रति।

जो लागू न हो, उसे काट दें।

(नोट: उम्मीदवारों की संख्या पर्याप्त होने पर ही हिंदी में प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की जाएगी)

** केंद्रों के पते: निम्नलिखित में से किसी एक केंद्र का चयन करें:

पो.बॉ.सं. 1, अहमदाबाद - 380014; पो.बॉ.सं. 5467, बेंगलूर - 560001; पो.बॉ.सं. 32, भोपाल - 462011; पो.बॉ.सं. 16, भुवनेश्वर - 751001; सेक्टर 17, चंडीगढ़ - 160017; पो.बॉ.सं. 40, चेन्नै - 600001; पो.बॉ.सं. 120, गुवाहाटी - 781001 (अगरतला/आइजोल/गुवाहाटी/इम्फाल/इटानगर/कोहिमा/शिलांग केंद्रों के लिए); पो.बॉ.सं. 1, हैदराबाद - 500004; पो.बॉ.सं. 12, जयपुर - 302004; पो.बॉ.सं. 1, जम्मू - 180012; एम. जी. रोड, कानपुर - 208001; पो.बॉ.सं. 3065, कोच्ची - 682018; पो.बॉ.सं. 552, कोलकाता - 700001 (कोलकाता/पोर्टब्लेयर केंद्रों के लिए); पो.बॉ.सं. 24, लखनऊ - 226001; पो.बॉ.सं. 4528, प्लाट नं. 3 सेक्टर 10, एच. एच. निर्मलादेवी मार्ग, सीबीडी, बेलापुर, नवी मुंबई - 400614; पो.बॉ.सं. 15, नागपुर - 440001; 6, संसद मार्ग, नई दिल्ली - 110001; पो.बॉ.सं. 20, पणजी - 403001; पो.बॉ.सं. 162, पटना - 800001; कृषि बैंकिंग महाविद्यालय, गणेशखिंड रोड, पुणे - 411016; पो.बॉ.सं. 6507, तिरूवनंतपुरम - 695033.

3. परीक्षा केंद्र:

लिखित परीक्षा निम्नलिखित केन्द्रों (कोड संख्या कोष्ठक में दी गई है) पर आयोजित की जाएगी:

केन्द्र का नाम	कोड सं.	केन्द्र का नाम	कोड सं.
अहमदाबाद	(11)	मुंबई	(25)
बेंगलूर	(12)	नागपुर	(26)
भोपाल	(13)	नई दिल्ली	(27)
भुवनेश्वर	(14)	पणजी	(28)
कोलकाता	(15)	पटना	(29)
चंडीगढ़	(16)	पुणे	(30)
चेन्नै	(17)	तिरूवनंतपुरम	(31)
गुवाहाटी	(18)	अगरतला	(32)
हैदराबाद	(19)	आइजोल	(33)
जयपुर	(20)	इम्फाल	(34)
जम्मू	(21)	इटानगर	(35)
कानपुर	(22)	कोहिमा	(36)
कोच्ची	(23)	पोर्ट ब्लेयर	(37)
लखनऊ	(24)	शिलांग	(38)

उम्मीदवार केवल एक ही केन्द्र का चयन कर सकता है जिसके नाम और कोड संख्या का उल्लेख आवेदन में अवश्य किया जाए। लिखित परीक्षा के केन्द्र और तारीखों को बोर्ड के विवेकानुसार परिवर्तित किया जा सकता है। किसी भी केन्द्र पर लिखित परीक्षा रद्द किये जाने की स्थिति में बोर्ड, अपने विवेक पर, संबंधित उम्मीदवारों को वैकल्पिक केन्द्र आबंटित कर सकता है। लिखित परीक्षा में प्रवेश पानेवाले उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा की तारीख, समय और स्थान की सूचना प्रवेश-पत्र के माध्यम से दी जाएगी। उम्मीदवारों को प्रवेश पत्र के बिना लिखित परीक्षा बैठने नहीं दिया जाएगा। **परीक्षा केन्द्र में परिवर्तन संबंधी किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।**

4. ऊपरी आयु सीमा में छूट:

ऊपरी आयु सीमा में छूट इस प्रकार है

क) अपिव के उम्मीदवारों के मामले में 3 वर्ष यदि उनके लिए पद आरक्षित हैं।

ख) निम्नलिखित के मामले में 5 वर्ष: i) अजा/अजजा उम्मीदवारों के लिए यदि उनके लिए पद आरक्षित है ii) बैंकिंग संस्थाओं के भूतपूर्व कर्मचारी जिनकी सेवाएं मितव्ययता के कारण या बैंक के परिसमापन के परिणामस्वरूप समाप्त कर दी गई थी। तथा सरकारी कार्यालय में कम से कम एक वर्ष की सेवा के बाद छंटनी किए गए तथा रोजगार कार्यालय के माध्यम से आवेदन करने वाले, iii) वे भूतपूर्व सैनिक (आपातकालीन कमीशन-प्राप्त अधिकारियों/अल्पावधि सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों सहित) बशर्ते आवेदनकर्ता ने सेना में लगातार कम से कम 5 वर्ष सेवा की हो और जो निर्दिष्ट कार्यकाल पूरा होने पर सेवामुक्त किये गये हैं (इनमें वे भी शामिल हैं जिनका कार्यकाल एक वर्ष में पूरा होने वाला है) किंतु इनमें वे भूतपूर्व सैनिक शामिल नहीं है जिन्हें कदाचार या अकुशलता या शारीरिक अक्षमता के कारण सेवामुक्त किया गया है अथवा जो सैन्य सेवा से संबंधित अपंगता या अशक्तता के कारण से सेवामुक्त कर दिये गए हों। iv) ऐसे आपातकालीन कमीशन - प्राप्त अधिकारियों/अल्पावधि सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारी, जो पांच वर्ष की मिलीटरी सेवा में प्रारंभिक काल पूरा कर चुके हों लेकिन जिनका कार्यकाल पांच वर्ष से अधिक अवधि के लिए बढ़ा दिया गया हो तथा जिनके मामले में रक्षा मंत्रालय इस आशय का प्रमाणपत्र जारी करे कि चयन होने पर और नियुक्ति का प्रस्ताव प्राप्त होने की तारीख से तीन महीने के भीतर ही उन्हें कार्यमुक्त कर दिया जाएगा। v) वे उम्मीदवार जो 1 जनवरी 1980 और 31 दिसंबर 1989 के बीच की अवधि में सामान्यत: जम्मू और कश्मीर डिवीजन के अधिवासी रहे थे।

ग) विकलांग उम्मीदवार (सामान्य) के लिए 10 वर्ष; विकलांग उम्मीदवार (अपिव) के लिए 13 वर्ष; विकलांग उम्मीदवार (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति) के लिए 15 वर्ष।

टिप्पणी: आयु सीमा में संचयी छूट उपर्युक्त मदों या अन्य किन्हीं मदों के संयोजन से नहीं दी जाएगी।

5. सेवा की शर्तें / कैरियर-संभावनाएं :

i) **वेतनमान :**

ग्रेड 'बी' अधिकारियों के लिए लागू 21000-1000-30000-द.रो.-1000-32000-1100-36400 रूपए के वेतनमान पर उनका प्रारंभिक मूल वेतन 21,000/- रूपए प्रतिमाह होगा तथा वे समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार महंगाई भत्ते, स्थानीय भत्ते, आवास भत्ते, परिवार भत्ते के पात्र भी होंगे। वर्तमान में सीधी भर्ती के अंतर्गत ग्रेड 'बी' अधिकारियों के लिए कुल प्रारंभिक मासिक परिलब्धियां लगभग 38,276/- रुपये प्रतिमाह है।

ii) **अनुलाभ:**

पात्रता के अनुसार बैंक आवास, उपलब्ध हो तो, कार्यालयीन उद्देश्य से वाहन के अनुरक्षण के लिए व्यय की प्रतिपूर्ति, समाचार पत्र, टेलीफोन प्रभार, पुस्तक अनुदान, आवास की फर्निशिंग के लिए भत्ते आदि। पात्रता के अनुसार ओपीडी उपचार/हस्पताल में भर्ती होने के लिए चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति सहित नि:शुल्क औषधालय की सुविधा। ब्याज मुक्त त्यौहार अग्रिम, छुट्टी किराया रियायत (दो वर्ष में एक बार स्वयं, पति/पत्नी तथा पात्र आश्रितों के लिए)। आवास, कार, शिक्षा, उपभोक्ता वस्तुएं, पर्सनल कंप्यूटर आदि के लिए रियायती ब्याज दरों पर ऋण तथा अग्रिम। इस पद से भविष्य निधि, पेंशन, ग्रैच्युटी के लाभ भी जुड़े हुए हैं। बैंक के लिए लागत के आधार पर इन पदों से जुड़े स्वीकार्य अनुलाभों सहित कुल वेतन तथा भत्ते का योग कम से कम 10.00 लाख रुपए प्रतिवर्ष (लगभग) है।

नोट: जो उम्मीदवार बैंक के लिए महत्त्वपूर्ण उच्च शैक्षिक योग्यता अथवा व्यावसायिक योग्यता/अनुभव रखते हों उन उम्मीदवारों को बैंक अपने विवेक पर चार अग्रिम वेतन वृद्धि देने पर विचार कर सकता है। बोर्ड, साक्षात्कार के समय बैंक के सार्थक महत्व के लिए विशेष अनुभव/उच्चतर योग्यता के कारण उच्चतर परिलब्धियों के अनुरोध पर विचार करने का एक मात्र अधिकार रखता है। ऐसी जानकारी जीवन-वृत्त फार्म के उचित कॉलम में दी जाए। अधिकतम वेतनवृद्धियों की संख्या 4 होगी। बोर्ड/बैंक साक्षात्कार के बाद प्राप्त हुए अनुरोध पर विचार नहीं करेगा।

iii) कुछ केन्द्रों में सीमित संख्या में आवासीय क्वार्टर की सुविधा उपलब्ध है। किंतु, पट्टे पर आवासीय सुविधा सभी केन्द्रों में उपलब्ध है।

iv) प्रारंभिक नियुक्ति दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर होगी जो बैंक के विवेकानुसार अधिकतम चार वर्षों की अवधि तक बढ़ाई जा सकती है।

v) उच्चतर ग्रेडों में पदोन्नति की पर्याप्त संभावनाएं हैं।

vii) चुने गए उम्मीदवारों को भारत में कहीं भी तैनात और स्थानांतरित किया जा सकता है।

6. आवेदन शुल्क (अप्रतिदेय) : 100/- रुपये (एक सौ रुपये मात्र)। अजा/अजजा/विकलांग उम्मीदवारों के लिए कोई शुल्क देय नहीं है। शुल्क का भुगतान केवल **मुंबई** में देय तथा **भारतीय रिज़र्व बैंक** के पक्ष में आहरित मांग ड्राफ्ट से किया जाए। तथापि, जिन स्थानों पर बैंक नहीं है उन स्थानों के उम्मीदवार शुल्क का भुगतान भारतीय रिज़र्व बैंक के पक्ष में आहरित तथा प्रधान डाकघर, मुंबई में देय रेखांकित भारतीय पोस्टल आर्डर के माध्यम से कर सकते हैं। उम्मीदवार अपना नाम और पता मांग ड्राफ्ट के दूसरी तरफ और पोस्टल आर्डर में इस उद्देश्य से दिए गए स्थान पर लिखें (यदि शुल्क का भुगतान किया जाना है) और इसे आवेदन के साथ पिन की सहायता से संलग्न करें (स्टेपल न करें)। अलग से भेजा गया शुल्क जो उचित आवेदन के साथ संलग्न नहीं है अथवा किसी अन्य तरीके से किया गया भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा। एक बार शुल्क का भुगतान किये जाने पर उसे किसी भी स्थिति में लौटाया नहीं जाएगा.

7. सामान्य नियम / अनुदेश :

i) आवेदन का प्रारूप (ऑफ-लाइन तरीके के लिए) इस विज्ञापन के अंत में दिया गया है। ऑफ-लाइन तरीके से आवेदन करने वाले उम्मीदवार निर्धारित प्रारुप के अनुरुप हीआवेदन करें।

ii) जिन आवेदनों के साथ निर्धारित शुल्क (जब तक छूट न दी गई हो) नहीं होगा अथवा जो आवेदन अपूर्ण/अपाठ्य/निर्धारित फार्मेट में नहीं होंगे, फोटो बिना होंगे, हस्ताक्षर बिना होंगे उन्हें अस्वीकार कर दिया जाएगा तथा इस संबंध में बोर्ड द्वारा कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

iii) आवेदन सभी पक्षों से पूर्ण होना चाहिए। अपूर्ण आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

iv) उम्मीदवार अपने आवेदन के साथ कोई भी प्रमाणपत्र अथवा उसकी प्रतियां संलग्न न करें। आवेदन में दी गई जानकारी के आधार पर ही उनकी उम्मीदवारी पर विचार किया जायेगा। किसी भी स्तर पर यदि यह पाया गया कि आवेदन में दी गई कोई भी जानकारी झूठी/गलत है या बोर्ड के अनुसार उम्मीदवार पात्रता मानदंड को पूरा नहीं करता/करती है तो उसकी उम्मीदवारी/नियुक्ति रद्द/समाप्त की जा सकती है।

v) सभी शैक्षणिक अर्हताएं भारत या विदेश के मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों/संस्थाओं से प्राप्त की गई हों। यदि अंकों के बजाय ग्रेड प्रदान किया गया हो तो उम्मीदवार उनके समकक्ष अंक स्पष्ट रूप से अवश्य दें।

vi) उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे आवेदित पद के पात्रता मानदंडों को सभी प्रकार से पूरा करते हैं। बोर्ड पद के लिए अपेक्षित शुल्क (जहां कहीं भी लागू हो) के साथ आवेदन करने वाले सभी उम्मीदवारों को आवेदन में दी गई जानकारी के आधार पर लिखित परीक्षा में प्रवेश देगा तथा उनके पात्रता मानदंडों की जाँच केवल अंतिम स्तर अर्थात साक्षात्कार के लिए बुलायें जाने के समय ही करेगा।

vii) आवेदन करने के लिए अपनी पात्रता के संबंध में सलाह मांगने वाले उम्मीदवारों से प्राप्त पत्रों पर बोर्ड विचार नहीं करेगा।

viii) यदि किसी उम्मीदवार को बोर्ड से लिखित परीक्षा के लिए प्रवेश-पत्र/कोई अन्य सूचना प्राप्त न हो तो उसे आवश्यक मार्गदर्शन के लिए **परीक्षा की तारीख से दो दिन पहले** पासपोर्ट-आकार के हस्ताक्षरित फोटो-सहित कार्यालय समय के दौरान आवेदन में दिये गये परीक्षा केंद्र पर भारतीय रिज़र्व बैंक (अगरतला, आईजोल, इम्फाल, इटानगर, कोहिमा, पोर्ट ब्लेयर तथा शिलांग के मामले में भारतीय स्टेट बैंक कार्यालय) के प्रभारी अधिकारी से सम्पर्क करना चाहिए। उपर्युक्त अनुदेशों का पालन न करने पर उम्मीदवार को इस बात का कोई हक प्राप्त नहीं होगा कि उसके मामले पर कोई विचार किया जाए।

ix) **लिखित परीक्षा के लिए उम्मीदवारों को स्वयं के खर्चे पर आना होगा।** तथापि, साक्षात्कार के लिए बुलाये गये उम्मीदवारों को उनके आवास स्थान/कार्य के स्थान, जो भी निकट हो, से साक्षात्कार के स्थान तक आने और जाने के लिये लघुतम मार्ग द्वारा प्रथम श्रेणी/ ।। एसी के वास्तविक रेल भाड़े की प्रतिपूर्ति की जायेगी।

x) बोर्ड के साथ पत्राचार करते समय प्रवेश-पत्र में दिया गया रोलनंबर अवश्य लिखें।

xi) यदि पते में कोई परिवर्तन हो तो उसकी सूचना बोर्ड को तत्काल दी जाए। यद्यपि, बोर्ड ऐसे परिर्वतनों पर ध्यान देने का पूरा प्रयास करेगा, परंतु इस संबंध में बोर्ड की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी, विशेषरूप से ऐसी स्थिति में जब सूचना प्राप्ति की तिथि तथा परीक्षा/साक्षात्कार की तिथि में बहुत कम अंतर हो।

xii) ऐसे उम्मीदवार जो पहले से सरकारी/अर्ध-सरकारी संगठनों और सरकारी क्षेत्र के बैंकों/उपक्रमों में सेवारत हैं, उन्हें साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' प्रस्तुत करना होगा। भारतीय रिज़र्व बैंक में नियुक्ति से पहले उन्हें पूर्व नियोक्ता से एक उचित सेवा-मुक्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। यदि आवेदन-पत्र नियोक्ता के माध्यम से भेजा जाना अपेक्षित है और वह बोर्ड के कार्यालय में अंतिम तारीख के बाद प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा भले ही आवेदक द्वारा वह नियोक्ता को अंतिम तारीख से पहले प्रस्तुत किया गया हो। ऐसे मामलों में, ''अग्रिम प्रति'' लिखकर आवेदन पत्र शुल्क के साथ बोर्ड के कार्यालय में सीधे भेज दिया जाए और नियमित प्रति (बिना शुल्क के) नियोक्ता के माध्यम से भेजी जाए।

xiii) किसी भी प्रकार की अनुयाचना उम्मीदवार की अयोग्यता मानी जाएगी।

xiv) पात्रता, परीक्षा के संचालन, साक्षात्कार, मूल्यांकन, रिक्तियों की संख्या को ध्यान में रखते हुए लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार में न्यूनतम अर्हता मानक निर्धारित करने और परिणामों की सूचना देने से संबंधित सभी मामलों में बोर्ड का निर्णय अंतिम तथा उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा तथा इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

xv) जहां परीक्षा आयोजित की जा रही है उस परिसर में मोबाइल फोन, पेज़र या अन्य कोई संचार उपकरण अंदर ले जाने की अनुमति नहीं होगी। इन अनुदेशों के पालन में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो भविष्य की परीक्षाओं के लिए प्रतिबंध सहित अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

xvi) बोर्ड द्वारा उम्मीदवारों को अंक-सूची नहीं दी जाती है। तथापि चरण II की लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के अंक, अंतिम परिणाम की घोषणा के बाद बैंक की वेब साइट पर उपलब्ध होंगे।

xvii) भारतीय रिज़र्व बैंक के कर्मचारी (स्टाफ उम्मीदवार) जो बैंक द्वारा अलग से निर्धारित पात्रता मानदंडो को पूरा करते हैं, भी इस पद के लिए आवेदन कर सकते हैं।

8. आवेदन प्रस्तुत करना :

उम्मीदवार निर्धारित आवेदन **(ऑफ-लाइन)** अथवा ऑन-लाइन तरीके से आवेदन कर सकते हैं। **ऑन-लाइन आवेदन करने के बाद इसका प्रिंटआउट (हार्ड कॉपी) बोर्ड कार्यालय में भेजें।**

i) **ऑन-लाइन:** उम्मीदवार **http://onlinedr.rbi.org.in** लिंक/यूआरएल का प्रयोग करके ऑन-लाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑन-लाइन आवेदन करने के लिए विस्तृत अनुदेश इस लिंक पर उपलब्ध हैं। उम्मीदवार अनुदेशों को ध्यानपूर्वक पढ़कर ही "Apply" लिंक पर क्लिक करें।

ऑन-लाइन आवेदन प्रणाली की मुख्य विशेषताएं निम्नानुसार हैं:

क) ऑन-लाइन आवेदन भरने से पहले उम्मीदवार को 100/- रुपए का मांग ड्राफ्ट अथवा भारतीय पोस्टल आर्डर अवश्य खरीद लेना चाहिए (अजा/अजजा/विकलांग उम्मीदवारों को छोड़कर जिन्हें शुल्क के भुगतान में छूट प्राप्त है)।

ख) शुल्क से छूट प्राप्त श्रेणी के उम्मीदवार सीधे ऑन-लाइन आवेदन भर सकते हैं।

ग) **उम्मीदवारों के लिए आवश्यक है कि वे सिस्टम के माध्यम से आंकड़े प्रस्तुत करने के बाद ऑन-लाइन आवेदन का प्रिंटआउट निकाल लें। इस प्रिंटआउट में विनिर्दिष्ट जगह पर हस्ताक्षरित फोटो चिपकाएं (स्टेपल न करें), हस्ताक्षर करें तथा 100/- रुपए का मांग ड्राफ्ट/भारतीय पोस्टल आर्डर (यदि शुल्क का भुगतान अपेक्षित हो) संलग्न करें।**

घ) उम्मीदवारों के लिए **आवश्यक है कि** वे उनके द्वारा भरे गए ऑन-लाइन आवेदन का सिस्टम से प्राप्त प्रिंटआउट (हार्ड कॉपी) भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड कार्यालय (भारिबैंसबो) को साधारण डाक द्वारा भेजें। यदि उनके आवेदन का प्रिंटआउट (हार्ड कॉपी) विज्ञापन में उल्लिखित **अंतिम तारीख** तक बोर्ड को प्राप्त नहीं होगा तो ऑन-लाइन आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा तथा इसे रद्द कर दिया जाएगा।

ङ) एक से अधिक बार आवेदन न भरें। अनुलिपि आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा तथा इन्हें रद्द कर दिया जाएगा।

च) ऑन-लाइन आवेदन दिनांक **8 नवंबर, 2010, अपराह्न 11.59** बजे तक भरे जा सकते हैं। इसके बाद लिंक डिसेबल हो जाएगा।

ii) **ऑफ-लाइन:** उम्मीदवार विज्ञापन में दिए गए आवेदन प्रारूप में ही आवेदन करें। यह अच्छी गुणवत्ता वाले सफेद फुलस्केप कागज पर हिंदी अथवा अंग्रेजी में टाइप किया हुआ अथवा हाथ से साफ-साफ लिखा होना चाहिए। आवेदन में सभी कॉलम (विकलांग तथा शुल्क को छोड़कर, यदि लागू न हो) स्पष्ट रूप से लिखे अथवा टाइप होने चाहिए। अपूर्ण तथा अपाठ्य आवेदन रद्द कर दिए जाएंगे।

iii) ऑफ-लाइन आवेदन अथवा ऑन-लाइन आवेदन का प्रिंटआउट (हार्ड कॉपी), जो भी हो, **साधारण डाक** द्वारा **''महाप्रबंधक, भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड, पोस्ट बैग नं. 14501 मुंबई सेंट्रल डाकघर, मुंबई 400008'' पर भेंजे।**

आवेदन के लिफाफे पर **''अधिकारी ग्रेड बी (सामान्य)-(डीआर) के पद के लिए आवेदन''** लिखा होना चाहिए।

iv) ऑफ-लाइन आवेदन अथवा ऑन-लाइन आवेदन का प्रिंटआउट (हार्ड कॉपी), जो भी हो, बंद लिफाफे में भारतीय रिज़र्व बैंक, मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन के सामने, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008 में इस प्रयोजन के लिए विशेष रूप से रखे गए ड्राप बक्से में भी डाल सकते हैं।

v) **उम्मीदवार ऑन-लाइन (जिसमे बाद इसका प्रिंटआउट भी भेजा जाए) अथवा ऑफ-लाइन में से केवल एक ही तरीके से आवेदन करें। दोनों तरीकों से आवेदन न करें। अनुलिपि आवेदन रद्द कर दिए जाएंगे।**

9.अंतिम तारीख :

i) ऑफ-लाइन आवेदन अथवा ऑन-लाइन आवेदन का प्रिंटआउट, जो भी हो, बोर्ड कार्यालय में **दिनांक 15 नवंबर, 2010, अपराह्न 6.00 बजे** तक पहुंच जाना चाहिए।

ii) विदेश में, असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, जम्मू और कश्मीर राज्य के लद्दाख मंडल, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले तथा चंबा जिले के पांगी उप-मंडल, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह तथा लक्षद्वीप में रहनेवाले उम्मीदवारों से **केवल डाक द्वारा** आवेदनों की प्राप्ति की अंतिम तारीख 22 नवंबर, 2010, अपराह्न 6.00 बजे तक है। डाक के अलावा अन्य किसी प्रकार से प्राप्त आवेदन के मामले में बढ़ाई गई समय-सीमा का लाभ नहीं मिलेगा

iii) आवेदन की प्राप्ति में विलंब अथवा डाक में उसके खो जाने के मामले में बोर्ड की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

10. आवेदन प्रस्तुत करने के लिए जांच-सूची:

i) नीचे दिए गए आवेदन के फार्मेट का उपयोग आवेदन के रूप में नहीं किया जाए।

ii) आवेदन निर्धारित प्रारूप के अनुरूप ही अच्छी गुणवत्ता वाले फुलस्केप कागज पर हिंदी या अंग्रेजी में टाइप किया हुआ अथवा हाथ से साफ-साफ अक्षरों में लिखा हुआ होना चाहिए तथा इस पर नवीनतम हस्ताक्षरित पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाया (स्टेपल न हो) जाना चाहिए। उम्मीदवारों को सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी प्रविष्टियां सही भरी गई हों तथा आवेदन और फोटो पर हस्ताक्षर किए गए हों। ऐसे आवेदन अस्वीकार कर दिए जाएंगे जिनपर हस्ताक्षर न हो, फोटो न चिपकाया गया हो, शुल्क (यदि लागू हो) बिना, निर्धारित प्रारूप के अनुरूप न हो, अपूर्ण अथवा अपाठ्य हों।

iii) चूंकि प्रोसेसिंग का काम कंप्यूटरीकृत है, इसलिए नाम और पता **केवल अंग्रेजी के बड़े (कैपिटल) अक्षरों** में लिखा जाए।

iv) उम्मीदवारों को अपना नाम और पता मांग ड्राफ्ट के दूसरी तरफ ओर पोस्टल आर्डर में इस उद्देश्य से दिए गए स्थान पर लिखना चाहिए (यदि शुल्क का भुगतान किया जाना है) और इसे आवेदन के साथ पिन (स्टेपल न करें) की सहायता से संलग्न करें।

v) आवेदन जिस लिफाफे में भेजा जा रहा है उस पर आवेदित पद का नाम अवश्य लिखें।

vi) **आवेदक सुनिश्चित करें कि मांग ड्राफ्ट/भारतीय पोस्टल आर्डर (यदि लागू हो) सहित आवेदन (ऑफ-लाइन या ऑन-लाइन का प्रिंटआउट) बोर्ड कार्यालय में अंतिम तारीख तक पहुंच जाए। निर्धारित तारीख तक सिस्टम के माध्यम से ऑन-लाइन आवेदन सफलतापूर्वक जमा करने के बावजूद यह नोट करें कि यदि ऑन-लाइन आवेदन का सिस्टम से प्राप्त हस्ताक्षरित प्रिंटआउट शुल्क (यदि लागू हो) तथा फोटो के साथ डाक द्वारा बोर्ड कार्यालय में अंतिम तारीख तक प्राप्त नहीं होता तो ऑन-लाइन आवेदन वैध नहीं होगा तथा इसे रद्द कर दिया जाएगा।**

भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड, मुंबई

अधिकारी ग्रेड 'बी' (सामान्य) – डीआर पद के लिए आवेदन

विज्ञापन सं. 2 ए /2010–11

प्राप्ति सं. _____
(केवल कार्यालयीन उपयोग हेतु)

1) **पूरा नाम : (अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में)**

_____

2) **वर्ग:**
क. सामान्य के लिए **सामा.**/अनुसूचित जाति के **अजा**/अनुसूचित जनजाति के लिए **अजजा**/अन्य पिछड़े वर्ग के लिए **अपिव** लिखें। (**'क्रीमी लेयर'** के अंतर्गत आने वाले **अपिव** उम्मीदवारों को अपने वर्ग का उल्लेख **सामान्य** के रूप में करना चाहिए।) यह कॉलम खाली न छोड़ें।
ख. विकलांग उम्मीदवार उपर्युक्त **क** में मुख्य श्रेणी के साथ–साथ अस्थि रूप से विकलांग के लिए **अ.वि.**, बधिर के लिए **बधिर** और दृष्टिहीन विकलांग के लिए **दृ.वि.** लिखें। **(अन्य उम्मीदवार इसे खाली छोड़ें।)**

पासपोर्ट आकार का हस्ताक्षरित नवीनतम फोटो चिपकाएं

3)

परीक्षा केन्द्र	कोड सं.	

4) **लिंग : पुरूष के लिए (पु.) तथा स्त्री के लिए (स्त्री) लिखें:**

5) **जन्म तिथि :** दिन ___ माह ___ वर्ष ___

6) **आयु (दिनांक 01.10.2010 को) :** _____ वर्ष _____ माह

7) **क. शैक्षिक अर्हताएं (दि. 01.10.2010 को)**
(पद हेतु विनिर्दिष्ट न्यूनतम अर्हता से प्रारंभ करते हुए)

परीक्षा का नाम (कृपया विवरण दें)	मुख्य विषय	परिणाम की तारीख	विश्वविद्यालय/ संस्थान	अंकों का समग्र % (दो दशमलव अंकों तक)	श्रेणी/ डिवीजन
स्नातक					
स्नातकोत्तर					

ख. उच्चतर शैक्षिक अर्हताएं (दि. 01.10.2010 को)
(बॉक्स में एम.फिल/पीएच.डी/सी.ए./आईसीडब्ल्यू/एसीएस/प्रबंधन में पीजी डिप्लोमा/एम.बी.ए यदि हो, लिखें)

8) **क्या आप भूतपूर्व सैनिक/जम्मू और कश्मीर के अधिवासी की श्रेणी/सरकारी कार्यालयों/बैंकिंग संस्थाओं से छंटनी किए गए कर्मचारियों की श्रेणी में आते हैं? हां के लिए (हां) नहीं के लिए (नहीं) लिखें।**

9) **विज्ञापन के संदर्भ में अनुभव** (दि. 01–10–2010) :

नियोक्ता का नाम और पता	पदनाम	कार्य का स्वरूप	अवधि		कुल अवधि	
			से	तक	वर्ष	माह

10) **परीक्षा शुल्क का विवरण:**

अदाता बैंक/डाकघर का नाम	मांग ड्राफ्ट/भारतीय पोस्टल ऑर्डर की संख्या	मांग ड्राफ्ट/भारतीय पोस्टल ऑर्डर की तारीख	राशि रूपये

11) **क्या आप ग्रेड बी अधिकारी के पद के लिए पूर्व में चार बार आवेदन कर चुके हैं? हां के लिए (हां) नहीं के लिए (नहीं) लिखें।**
(केवल अनारक्षित अर्थात सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों पर लागू)

12) **पत्राचार का पता:**
(अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में पिन कोड सहित कृपया नाम न दोहरायें)

ई–मेल, यदि कोई :
टेलीफोन सं. (एसटीडी कोड के साथ), यदि कोई :

मैं एतद् द्वारा यह घोषित करता/करती हूं कि इस आवेदन–पत्र में दिए गए सभी विवरण मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सत्य पूर्ण तथा सही हैं। मैं यह जानता/जानती हूं कि यदि किसी भी समय इस आवेदन–पत्र में उल्लिखित कोई भी सूचना असत्य/गलत पाई गई या यह पाया गया कि बोर्ड के अनुसार मैं पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती हूं, तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति रद्द/समाप्त की जा सकती है। मैंने विज्ञापन में उल्लिखित शर्तों को पढ़ और समझ लिया है और एतद् द्वारा उनके अनुपालन का वचन देता/देती हूं।

स्थान :
तारीख :

(आवेदक के हस्ताक्षर)
नाम :

उम्मीदवारों द्वारा नोट किये जाने वाले अति महत्वपूर्ण बिन्दु :–
(i) आवेदन पर फोटो चिपकाने सहित उम्मीदवार आवेदन को सभी प्रकार से पूरा भरें।
(ii) किसी भी रूप में अपूर्ण आवेदन को रद्द कर दिया जाएगा और बोर्ड द्वारा इस मामले में कोई भी पत्राचार नहीं किया जाएगा।